(a) whether Government propose to increase the coverage of more areas by Doordarshan in Karnataka; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI CM. IBRAHIM): (a) and (b) Whereas satellite derived TV service is available throughout the country including the State of Karnataka by using suitable dish antenna system, 18 more TV transmitters of varying powers are presently under implementation/envisaged to be set up to further strengthen TV service terrestrially in the State depending on availability of adequate resources for the purpose and inter-priorities. The location-wise details are given in the statement.

Statement

List of Locations of TV Transmitters Under Implementation/Envisaged to be Set up In the State of karnataka.

Projects under Implementation	Projects Envisaged To be set up
HPTs	**HPTs**
Gulbarga	Mangalore
Bangalore (DD-II) (in replacement of existing LPT)	Mysore
	Raichur
	Hassan
LPTs	
Gokak	
Jamkhandi	
Harpanhalli	
Basva Kalyan	
Sagar	
Arsikere	
Hattihal	
Puttur	
Tumkur	
VLPTs	
Madhugiri	
Sulya	
Badami	

पर्यटकों द्वारा जम्मू और कश्मीर की यात्रा

983. **श्री जनार्दन यादव:** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1 जनवरी, 1995 से 30 जून, 1996 तक की अवधि के दौरान कुल कितने पर्यटक जम्मू और कश्मीर गये और उनमें से कितने भारतीय पर्यटक थे; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान उनसे जम्मू और कश्मीर सरकार को कुल कितनी आय हुई?

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री श्रीकान्त जैना): (क) राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार 1 जनवरी, 1995 से 30 जून, 1996 की अवधि के दौरान जिन विदेशी और स्वदेशी पर्यटकों ने जम्मू और कश्मीर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों की यात्रा की, उनकी संख्या निम्नानुसार है:—

अवधि	पर्यटकों की संख्या		
	भारतीय	विदेशी	जोड़
1.1.95 से 30.6.96 तक	6325897	25853	6351750

(ख) पर्यटकों से आय मुख्यतया विभिन्न सेवाएं और सुविधाएं मुहैया कराने वाले के द्वारा अर्जित की जाती है, सरकारों द्वारा नहीं। इसलिए, जम्मू और कश्मीर सरकार द्वारा पर्यटन से हुई आय का अनुमान उपलब्ध नहीं है।

राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा पंजाब में कृषि क्षेत्र के लिए ऋण

984. **श्री इकबाल सिंह:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों के दौरान पंजाब में जिलेवार कृषि क्षेत्र के लिए सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा दिए गए ऋणों का ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्री तथा कम्पनी कार्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है पंजाब में वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीयकृत बैंकों सहित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा कृषि तथा सम्बद्ध कार्यों के लिए संवितरित ऋणों के जिलावार आंकड़े निम्नलिखित है:—